दिन—शुक्रवार दिनांक— 05 / 04 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः— शाम 7.30 बजे से। अवधिः— 15 मिनट

---

01. निर्वाचन आयोग ने मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए बिहार समेत ग्यारह राज्यों के अधिकारियों के साथ बैठक की। हरेक पोलिंग बूथ के लिए कार्य योजना तैयार करने का दिया निर्देश।

02. कांग्रेस ने चुनावी घोषणा पत्र जारी किया। अगले तीन वर्षों में तेईस करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकालने और देश में अधिक रोजगार सृजन का वायदा।

03. मुकेश सहनी के नेतृत्व वाली विकासशील इंसान पार्टी इंडी गठबंधन में शामिल। राजद ने अपने कोटे से तीन लोकसभा सीटें—गोपालगंज, झंझारपुर और पूर्वी चम्पारण वीआईपी को दी।

04. और, लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण की पांच सीटों के लिए नामांकन पत्रों की जांच में इकतीस नामांकन पत्र रद्द किये गये। इच्छुक उम्मीदवार आठ अप्रैल तक नाम ले सकते हैं वापस।

———————————————————————

मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने मतदान प्रतिशत बढाने के लिए चयनित जिलों के निगम आयुक्तों और चुनाव अधिकारियों को मतदान केन्द्र वार कार्ययोजना तैयार करने का निर्देश दिया है। उन्होंने शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के लिए अलग—अलग कार्यनीतियां बनाने को कहा है। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने आज नई दिल्ली में बिहार समेत ग्यारह राज्यों के निगम आयुक्त और चुनाव अधिकारियों के साथ बैठक की, जहां पिछले चुनाव में मतदाताओं की भागीदारी कम रही थी। एक रिपोर्ट—

———रिपोर्ट———

मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने अधिकारियों को इस प्रकार काम करने का निर्देश दिया है जिससे मतदाता लोकतंत्र के महापर्व में भागीदारी से गौरवान्वित महसूस करें। उन्होंने ऐसे प्रयासों की अपील की जिसमें लोग मतदान के लिए स्वयं प्रेरित हों। उन्होंने कहा कि पिछले चुनाव में कम मतदान वाले 215 ग्रामीण और 51 शहरी संसदीय क्षेत्रों की पहचान की गई है, जहां मतदाताओं की भागीदारी बढाने के प्रयास किये जाएंगे। इसके लिए उन्होंने त्रिसूत्रीय रणनीति पर बल दिया—— मतदान केन्द्रों पर सुविधाएं बढाना, लक्षित ढंग से मतदाताओं तक पहुंचना तथा लोगों को प्रोत्साहित करने के लिए महत्वपूर्ण पक्षों को शामिल करना। दिल्ली, मुम्बई, चेन्नई, बेंगलुरू, हैदराबाद, अहमदाबाद, पुणे, ठाणे, नागपुर, पटना साहिब, लखनऊ और कानपुर के निगम आयुक्त तथा बिहार और उत्तर प्रदेश के कुछ चयनित जिलों के चुनाव अधिकारी विचार—विमर्श में शामिल हुए। कर्नाटक, गुजरात, मध्यप्रदेश, राजस्थान, तमिलनाडु, तेलंगाना और पंजाब के मुख्य चुनाव अधिकारियों ने बैठक में वर्चुअली भाग लिया।

———————————————————————

कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव के लिए घोषणा पत्र जारी कर दिया है। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे तथा वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी और राहुल गांधी ने आज नई दिल्ली में घोषणा पत्र जारी किया। एक रिपोर्ट—

———बाईस———

घोषणा पत्र में प्रतिदिन चार सौ रूपये की न्यूनतम मजदूरी की गारंटी, प्रत्येक गरीब परिवार को प्रतिवर्ष एक लाख रूपये, केन्द्र सरकार की नौकरियों में महिलाओं के लिए पचास प्रतिशत सीटों का आरक्षण का वायदा किया गया है। न्यूनतम समर्थन मूल्य की कानूनी गारंटी और राष्ट्रीय स्तर पर जाति आधारित जनगणना के वायदे भी घोषणा पत्र में शामिल हैं। कांग्रेस ने अगले दशक में 23 करोड लोगों के जीवन में सुधार लाकर गरीबी समाप्त करने का भी वायदा किया है।

इस अवसर पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि उनकी पार्टी का घोषणा पत्र पंच न्याय यानी न्याय के पांच स्तम्भों पर आधारित है।

———————————————————————

विकासशील इंसान पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुकेश सहनी आज इंडी गठबंधन में शामिल हो गये। पटना स्थित राजद कार्यालय में आयोजित सम्वाददाता सम्मेलन में राजद के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने ये घोषणा की। उन्होंने बताया कि मुकेश सहनी को राजद ने अपने कोटे से लोकसभा की तीन सीटें दी हैं। ये सीटें हैं– झंझारपुर, गोपालगंज और पूर्वी चम्पारण।

———बाईट———

———————————————————————

जदयू के वरिष्ठ नेता और राज्य सरकार के मंत्री महेश्वर हजारी के पुत्र सन्नी हजारी आज कांग्रेस में शामिल हो गये। पटना में आयोजित समारोह में उन्होंने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता ग्रहण की। राजनीति हलकों में उन्हें समस्तीपुर लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस उम्मीदवार बनाये जाने की चर्चा है।

———————————————————————

और आईये अब सुनते हैं नवादा संसदीय क्षेत्र के राजनीतिक परिदृश्य पर हमारे संवाददाता की विशेष रिपोर्ट–

———बाईट———

दो हजार उन्नीस में हुये लोकसभा चुनाव के मुकाबले इस बार नवादा संसदीय क्षेत्र का चुनावी परिदृश्य बदला हुआ है। पिछली बार लोजपा के टिकट पर चंदन सिंह चुनाव जीते थे। इस बार एनडीए में सीट बंटवारे के तहत नवादा भाजपा के खाते में आयी है। भाजपा के विवेक ठाकुर पहली बार इस संसदीय क्षेत्र से किस्मत आजमा रहे हैं। राजद ने श्रवण कुशवाहा को यहां से उम्मीदवार बनाया है। राजद के बागी विनोद यादव निर्दलीय के रूप में अपना नामांकन पत्र भरा है। वहीं, बहुजन समाज पार्टी के रंजीत कुमार और निर्दलीय गुंजन सिंह ने चुनावी मुकाबले को दिलचस्प बना दिया है। इस सीट से आठ प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं, लेकिन मुख्य मुकाबला भाजपा के विवेक ठाकुर और राजद श्रवण कुशवाहा के बीच है। नवादा संसदीय क्षेत्र में छह विधानसभा क्षेत्र है। नवादा, रजौली और गोविंदपुर विधानसभा क्षेत्र राजद के कब्जे में है, जबकि वारसलीगंज से भाजपा और बरबीघा से जदयू के विधायक हैं। वहीं, हिसुआ विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व कांग्रेस कर रही है पहले चरण के तहत उन्नीस अप्रैल को नवादा संसदीय क्षेत्र का मतदान होगा। इसे देखते हुये चुनाव प्रचार जोर पकड़ता जा रहा है। सभी दलों के नेता अपने–अपने उम्मीदवारों के

पक्ष में चुनावी सभा और रोड शो कर रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सात अप्रैल को नवादा में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे।

आकाशवाणी समाचार के लिए नवादा से अशोक प्रियदर्शी।

————————————————————————

प्रदेश में पिछले चौबीस घंटों के दौरान आदर्श आचार संहिता उल्लंघन के मामले में कुल छियासठ मामले दर्ज किये गये। वहीं, इकतीस लाख रूपये से अधिक नकद जब्त किये गये। इसके अलावा चौबीस हजार लीटर से अधिक शराब जब्त की गयी। वहीं, दो सौ चौंसठ किलो से अधिक मादक पदार्थ भी बरामद किये गये।

————————————————————————

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण की पांच सीटों के लिए आज नामांकन पत्रों की जांच की गयी। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार कुल इकतीस नामांकन पत्र रद्द किये गये। किशनगंज, कटिहार, पूर्णिया, बांका और भागलपुर संसदीय क्षेत्रों से छियासी उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र भरे थे। अब इन क्षेत्रों में पचपन उम्मीदवार रह गये हैं। सबसे अधिक दस नामांकन पत्र कटिहार लोकसभा क्षेत्र में रद्द किये गये। वहीं, बांका में नौ, भागलपुर में आठ और पूर्णियां में चार नामांकन पत्र रद्द हुये। किशनगंज में सभी पन्द्रह उम्मीदवारों के नामांकन सही पाये गये हैं। नामांकन पत्रों की जांच के बाद कटिहार से दस, पूर्णियां से सात, भागलपुर से तेरह, बांका से दस और किशनगंज से पन्द्रह उम्मीदवार चुनाव मैदान में रह गये हैं। इन सीटों के लिए नाम वापसी की अंतिम तिथि आठ अप्रैल है। मतदान छब्बीस अप्रैल को होगा।

————————————————————————

और अब पेश है– लोकसभा चुनाव की गतिविधियों पर आधारित आकाशवाणी समाचार की विशेष प्रस्तुति। आज के इस अंक में आप सुनेंगे मुजफ्फरपुर लोकसभा क्षेत्र में चुनाव को लेकर की जारी रही तैयारियों और आदर्श आचार संहिता के अनुपालन पर हमारे संवाददाता की रिपोर्ट....

———बाईट———

मुजफ्फरपुर लोकसभा क्षेत्र में पांचवें चरण के तहत बीस मई को मतदान होगा। चुनाव कार्यक्रमों की घोषणा के साथ ही क्षेत्र में आदर्श आचार संहिता प्रभावी हो गयी है। जिला प्रशासन चुनाव को लेकर युद्धस्तर पर तैयारियों में जुटा हुआ है। जिलाधिकारी सुब्रत कुमार सेन ने बताया कि जल्द ही राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर उन्हें आदर्श आचार संहिता के अनुपालन के विषय में विस्तार से जानकारी दी जायेगी।

———बाईट–डीएम–1———

जिलाधिकारी ने बताया कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर चुनाव को लेकर भ्रामक और गलत जानकारी फैलाने वालों पर विशेष नजर रखी जा रही है। ऐसे लोगों की पहचान कर उनपर विधिसम्मत कार्रवाई की जायेगी।

———बाईट–डीएम–2———

जिलाधिकारी ने बताया कि स्वीप अभियान के तहत लोकसभा क्षेत्र में व्यापक स्तर पर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं।

–––बाईट–डीएम–3–––

पहली बार वोट देने वाले युवा मतदाताओं में मतदान को लेकर काफी उत्साह देखा जा रहा है।

–––बाईट–युवा मतदाता–––

इधर, जिले में राजनीतिक दलों की सक्रियता काफी बढ़ गयी है। विभिन्न दलों के नेताओं द्वारा लगातार जनसम्पर्क अभियान चलाया जा रहा है। आकाशवाणी समाचार के लिए मुजफ्फरपुर से कौशल किशोर कौशिक।

––––––––––––––––––––––––––––––––––––––

भारतीय रिज़र्व बैंक जल्द ही यूपीआई के माध्यम से नकद राशि जमा कराने की सुविधा लाने जा रहा है। फिलहाल यूपीआई का इस्तेमाल पैसा निकालने और अंतरित करने के लिए किया जाता है।

–––बाईअ–––

रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा कि इस सुविधा से उपभोक्ताओं को नकदी जमा कराने में आसानी होगी जिससे बैंकों की नकदी लेनदेन प्रक्रिया और सक्षम होगी। आरबीआई ने प्रीपेड भुगतान माध्यम–पीपीआई वॉलेट से यूपीआई भुगतान के लिए थर्ड पार्टी यूपीआई ऐप्लिकेशन के इस्तेमाल का प्रस्ताव किया है। इससे उपभोक्ताओं की सुविधा बढेगी और छोटी लेनदेन के लिए डिजिटल भुगतान को बढावा मिलेगा।

––––––––––––––––––––––––––––––––––––––

राजधानी पटना सहित पूरे प्रदेश के तापमान में बढ़ोतरी का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान नौ शहरों का अधिकतम तापमान चालीस डिग्री सेल्सियस को पार कर गया। वहीं, इस अवधि में बयालीस दशमलव दो डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ बक्सर प्रदेश का सबसे गर्म स्थान रहा। राजधानी पटना का अधिकतम तापमान उनतालीस डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के वैज्ञानिक एस.के. सुमन ने बताया कि पटना, गया, बक्सर, मुंगेर, सीवान, सारण, गोपालगंज, कटिहार और भागलपुर समेत पच्चीस जिलों में अगले दो दिनों के दौरान लू चलने की आशंका है। इस अवधि में राज्य के अधिकतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस की और बढ़ोतरी हो सकती है।

–––बाईट–––

––––––––––––––––––––––––––––––––––––––

गोपालगंज जिले के कुचायकोट थाना क्षेत्र अन्तर्गत बलथरी चेक पोस्ट के पास पुलिस ने वाहन जांच के दौरान आठ हजार से अधिक सिम कार्ड बरामद की है। पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात ने बताया कि मौके से तीन साईबर अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। इनके पास से अठारह हजार सात सौ नेपाली रूपये भी बरामद किये गये हैं। सिमकार्ड दिल्ली से तस्करी कर नेपाल ले जाया जा रहा था। गिरफ्तार तस्कर पश्चिम बंगाल के मालदा जिले के रहने वाले हैं।

––––––––––––––––––––––––––––––––––––––

और अब अंत में मुख्य समाचार............

01. निर्वाचन आयोग ने मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए बिहार समेत ग्यारह राज्यों के अधिकारियों के साथ बैठक की। हरेक पोलिंग बूथ के लिए कार्य योजना तैयार करने का दिया निर्देश।

02. कांग्रेस ने चुनावी घोषणा पत्र जारी किया। अगले तीन वर्षों में तेईस करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकालने और देश में अधिक रोजगार सृजन का वायदा।

03. मुकेश सहनी के नेतृत्व वाली विकासशील इंसान पार्टी इंडी गठबंधन में शामिल। राजद ने अपने कोटे से तीन लोकसभा सीटें—गोपालगंज, झंझारपुर और पूर्वी चम्पारण वीआईपी को दी।

04. और, लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण की पांच सीटों के लिए नामांकन पत्रों की जांच में इकतीस नामांकन पत्र रद्द किये गये। इच्छुक उम्मीदवार आठ अप्रैल तक नाम ले सकते हैं वापस।

———————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।